348093

**AECHN-41**

Reg. No. | | | | | | | | |

## IV Semester B.A./B.S.W., Music, B.V.A. Degree Examination, June/July- 2026

## LANGUAGE HINDI

## "Saath Shrestha Ekanki", Film Sameeksha Aur Arth Grahan

## (SEP Scheme Freshers)

## Paper : IV

**Time : 3 Hours** **Maximum Marks : 80**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए।** **(10×1=10)**

1) पुरूष के अनुसार जी.आई. पी कितने बजे आती है?

2) चंदन किसका बेटा है?

3) दादा का नाम क्या है?

4) नेमिचंद के अनुसार लालचन्द अगर सूर्य है तो खुद नेमिचंद क्या है?

5) रामचन्द किसके मकान में किरायेदार बनकर रहता था?

6) शेखर किसको अपनी कविता की प्रेरणा मानता है ?

7) मनीषी किसकी पत्नी है ?

8) हूणों का सरदार तोरमाण किस देश पर चढ़ाई करता है?

9) ''माँ'' एकांकी के एकांकीकार का नाम लिखिए ।

10) महाराणा विक्रमादिव्य की हत्या किसने की?

**II. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।** **(2×7=14)**

1) ''इतने आदमियों के बीच उसे कैसे भेज देती? महाराणा सांगा के वंश के एक वही तो उजाले हैं।''

2) ''हल्की - सी खरोंच भी, यदि उस पर तत्काल दवाई न लगा दी जाय, बढ़कर एक बड़ा घाव बन जाती है और वही घाव नासूर हो जाता है, फिर लाख मरहम लगाओ ठीक नहीं होगा।''

3) ''मैंने तुम्हारा प्रभात नष्ट नहीं किया । प्रभात तो अब होगा ।''

**III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए।** **(2×15=30)**

1) 'दीप-दान' एकांकी का सारांश लिखकर, उसके शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए ।

2) ''सूखी डाली'' एकांकी के आधार पर 'बेला' का चरित्र चित्रण कीजिए ।

3) ''भोर का तारा'' एकांकी में व्यक्तिगत प्रेम और राष्ट्र धर्म के बीच के संघर्ष को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया गया है।'' - उक्त कथन का विश्लेषण कीजिए ।

ACHARYA SCHOOL OF DESIGN LIBRARY BENGALURU

**IV. निम्नलिखित पात्रों में से किसी एक पर टिप्पणी लिखिए।** **(1×6=6)**

1) मनीषी ।
2) छीतरमल ।

**V. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **(10×1=10)**

गंगा का हमारे देश के लिए बहुत अधिक महत्व है । गंगा नदी भारत के तीन राज्यों में से होकर गुज़रती है। ये हैं – उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल । भारत के इस मध्यम भागा को 'गंगा का मैदान' कहा जाता है । यह प्रदेश अत्यधिक उपजाऊ, संपन्न तथा हरा – भरा है जिसका श्रेय गंगा को ही है । इन राज्यों में कृषि – उपज से संबंधित – तथा कृषि पर आधारित अनेक उद्योग – धंधे भी फैले हुए हैं जिनसे लाखों लोगों की जीविका तो चलती ही है, राष्ट्रीय आय में वृद्धि भी होती है । पेयजल भी गंगा तथा उसकी नहरों के माध्यम से ही प्राप्त होता है । यदि गंगा न होती तो हमारे देश का एक महत्वपूर्ण भाग बंजर तथा रेगिस्तान होता । इसलिए गंगा उत्तर भारत की सबसे पवित्र तथा महत्वपूर्ण नदी है । गंगा नदी भारतीय संस्कृति का भी अभिन्न अंग है । भारत के प्राचीन ग्रंथों जैसे वेद, पुराण, महाभारत आदि में गंगा की पवित्रता का वर्णन है । भारत के अनेक तीर्थ स्थल गंगा के किनारे पर ही स्थित हैं ।

**प्रश्न:–**

1) हमारे देश के लिए किस का अधिक महत्व है ?
2) गंगा नदी भारत के कितने राज्यों में से होकर गुज़रती है ?
3) भारत के मध्यम भाग को क्या कहा जाता है ?
4) जिन राज्यों में गंगा बहती है वहाँ कृषि पर आधारित क्या फैले हुए हैं ?
5) उद्योग – धंधों के पनपने से किसकी वृद्धि होती है ?
6) गंगा तथा उसकी नहरों के माध्यम से क्या प्राप्त होता है ?
7) यदि गंगा न होती तो हमारे देश का एक महत्वपूर्ण भाग कैसा होता ?
8) गंगा कहाँ की सबसे पनित्र एवं महत्वपूर्ण नदी है ?
9) गंगा नदी किसका अभिन्न अंग है ?
10) भारत में गंगा के किनारे पर क्या स्थित है ।

**VI. निम्नलिखित फिल्मों में से किसी एक की समीक्षा कीजिए ।** **(1×10=10)**

1) दो बीधा ज़मीन ।
2) लापता लेडीस ।

---